₹30

Reg.: JHBIL/25/A0691

# College Era

Year 02 Vol. 04 April 2026

*Back to the books again*





*A book is a dream you hold in your hand*

# ADMISSION OPEN FOR D.PHARM & G.N.M.

MANAGED BY DESHBANDHU ASTRO VAIDIK SHIKSHA DEEP TRUST

# KALAWATI COLLEGE OF PHARMACY

# KALAWATI SCHOOL OF NURSING



## डी. फार्म

कोर्स: डिप्लोमा इन फार्मेसी
योग्यता: 10+2 (साइंस से पास)
कोर्स अवधि: 2 साल

## जी.एन.एम.

कोर्स: जी.एन.एम.
योग्यता: 10+2 (साइंस, आर्ट्स, कॉमर्स)
अवधि: 3 साल




**20 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE**



- ✓ कम शुल्क और किस्तों की सुविधा उपलब्ध
- ✓ सरकारी एवं प्रतिष्ठित निजी अस्पतालों में प्रायोगिक प्रशिक्षण
- ✓ सीसीटीवी निगरानी
- ✓ अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की टीम
- ✓ छात्रवृत्ति की जानकारी एवं सहायता
- ✓ आधुनिक स्किल लैब एवं स्वयं का भवन




- KALAWATI COLLEGE OF PHARMACY | D.PHARM
- KALAWATI SCHOOL OF NURSING | G.N.M.
- DESHBANDHU I.T.I. |FITTER & ELECTRICIAN
- D.A.V. SHIKSHA DEEP SCHOOL | ICSE AFFILIATED
- VAATSALYA KIDS PLAY SCHOOL, RATU ROAD

**KAMRE ASHRAM, KAMRE RATU, RANCHI,JHARKHAND,835222**

kalawaticollegeofpharmacy.com | 9905443673 | kc.director2019@gmail.com | kalawatigroupofinstitution




वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग (झारखण्ड सरकार) द्वारा **पृथ्वी दिवस 2026 ''हमारी शक्ति हमारा ग्रह''** पर आयोजित कार्यक्रम में वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजीव कुमार (आईएफएस) व अन्य गणमान्य अतिथिगण।

## Contents


**Chief Editor Choice** 04

**अप्रैल Phool मूर्ख दिवस**

**Greetings** 05

KUMAR RAVI SHANKAR, Retd. I.P.S.

Prof. (Dr.) Piyush Ranjan, VC (J.R.U.)

**College Campus Interview:** 06

Sarala Birla University Ranchi

**Interview- Principal** Preeti Kumari. 07

(Kalawati College of Pharmacy)

**Genius** 08

**Health Era:** 09

Dr. Sushma Sinha

**झलकियां** 10-14

**Career :** 15-18

Compendium of Career Choice

**Let's Go Goal** 20

झलकियां शेष 20-21

**The News** 22

**The Sports** 22




वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख **संजीव कुमार (आईएफएस)**


Reg.: JHBIL/25/A0691

# College Era

Vol. 04 • April 2026 *Back to the books again*


## नयी सोच नयी दिशा

**प्रिय पाठकों,**

### Welcome to your new journey

कक्षाओं की रौनक लौटने लगी है स्वागतो का एक दौड़ चल रहा है। विश्वविद्यालय और कॉलेज में परीक्षाओं के परिणाम आने लगे हैं। कहीं–कहीं तो नहीं कक्षाएं भी प्रारंभ हो चुकी है। नयी उमंगे, नई तिरंगे ,सब कुछ नया–नया है। नये है सपने, नये लक्ष्य है, अवसर भी नया–नया है। नयी प्रेरणा, नयी है ऊर्जा ,सत्र भी तो नया– नया है। नएपन के इस मौसम में कॉलेज एरा की पूरी टीम अपने अनुभवों और प्रयासों को साथ लेकर आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए सदैव तत्पर है।हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आपका अभिनंदन करते हैं ।

## Team Editorial


**Editor** : Dr. Shital Kumari

**Executive Editor** : N.K. Muralidhar

**Executive Editor** : Chandan Mishra

**Delhi Bureau** : Goutam Kumar Shrivastava

**Hazaribag Bureau** : Soni Sinha

**Design** : Ajay Kumar

**Patron** : Mrityunjay Singh (Social Worker)

**Advisory Board** :

- **Dr. Ajit Kumar Sinha** (Former V.C. R.U. Ranchi)
- **Kumar Ravi Shankar** ( Retd. I.P.S.)
- **Prof. Dr. Prakash Chandra Deogharia** (Former Head economics, Dean Social Scince V.B.U)
- **Dr. Suhes Tatarway** (Former Prof. Head of RIMS, Harmu Hospital Ranchi)
- **Dr. Niraj Kumar Sinha** (Principal Firayalal School)
- **Prem Ranjan Prasad Singh** (Regional Director RBI)
- **Dr. Jay Prakash,** Principal of Dental College, RIMS
- **Shiv Narayan Datt,** (Legal Advisor)



**Head Office** : 2104/C2, Misir Gonda, Near Shiv Mandir, Pipra Toli, Kanke Road, Misir Gonda, Alias, Pahargonda, Ranchi, Jharkhand- 834008

## Visit Office

**City Office** : 2nd floor Khadi Gram Udyog bhawan, Elbert Eka Chowk, Main Road Ranchi, Jharkhand- 834001

**Contact** : 9835163660, 8340318751

**Website** : schoolera.co.in

**Email** : collegeera13@gmail.com



Published by **Shital Kumari** from Svatvadhikari Prakasha, 2104/C2, Misir Gonda, Near Shiv Temple, Pipra Toli, Kanke Road, Misir Gonda, Niki, Mountain Gonda, Ranchi, Jharkhand-834008 and printed by **S.H. Printers Pvt. Ltd.,** Ratu Kanthi Tand, Near Tender Bagicha, HP Petrol Pump, Police Station Ratu - 835222. RNI-JHB IL/25/A0691, Chief Editor Manoj Kumar Srivastava, Jharkhand, Editor Shital Kumari 9835163660, 8210945031. The jurisdiction of any suit shall be Ranchi. All the above posts are voluntary and honorary.

# अप्रैल Phool मूर्ख दिवस



एक ऐसा त्योहार जो किसी धर्म विशेष से नहीं जुड़ कर भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस दिन दुनिया भर के लोग एक–दूसरे को वेवकूफ बनाने का प्रयास करते हैं। इस दिन की खासियत यह है कि मूर्ख बनने वाला इंसान गुस्सा नहीं कर सकता। इस मजाक में पड़ोसी, संबंधी, दोस्त, सहकर्मी कोई भी हो सकता है। किसी भी जाति धर्म या उम्र का हो सकता है। बस उद्देश्य बेवकूफ बनाना और लोगों को अनाड़ी साबित करना होता है। मूर्ख बनने वाला व्यक्ति को अप्रैल फूल करके चिढाया भी जा सकता है। अप्रैल फूल दिवस

मनाने की शुरुआत कब से हुई इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलता लेकिन मान्यता के अनुसार 2 कहानियां अधिक प्रचलित है अप्रैल फूल का सबसे पहला अधिकृत 1392 में ब्रिटिश लेखक की किताब कैंटरबरी टेल्स में मिलता है लेखक ने एक कहानी श्नन्स पीस्ट्स के अनुसार 1381 में पहली बार एक अप्रैल को मूर्ख दिवस मनाया गया। इसके पीछे भी एक मजेदार घटना है। दरअसल इंग्लैंड के राजा रिचर्ड सेकेंड और बहनिया की रानी ऐनी ने सगाई का ऐलान कर दिया जिसकी तारीख 32 मार्च रखी। लोग बहुत खुश हुए और जश्न भी मनाना शुरू कर दिया। लेकिन जब उन्हें ध्यान आया कि 32 मार्च तो आता ही नहीं तो एहसास हुआ कि उन्हें बेवकूफ बनाया गया है। तब इन्होंने इसे खूब एंजॉय किया और हर साल 32 मार्च यानी 1 अप्रैल को इस दिन को एक दूसरे को मूर्ख बनाने का प्रयास करने लगे। इसी प्रकार अप्रैल फूल से जुड़ी हुई एक और प्रचलित कहानी यह है कि फ्रांस में 1582 में पुरानी जूलियन कैलेंडर की जगह गैंग्रीनयन कैलेंडर अर्थात नया रोमन कैलेंडर शुरू किया। इसके बाद भी कुछ लोगों ने पुरानी तारीख पर ही नया साल मनाते रहे और इन्हे ही मूर्ख समझ कर उनका मजाक बनाया जाने लगा।

**कुछ रोचक** अप्रैल फूल 1 अप्रैल 1860 को लंदन में हजारों लोगों के घरों में एक पोस्ट कार्ड भेजा गया। जिसमें यह बताया गया कि आज शाम को टावर ऑफ लंदन में सफेद गधों को स्नान कराया जाएगा। इस कार्यक्रम को देखने के लिए सभी लोग इस पोस्टकार्ड को अवश्य ही लेकर आए। हलांकि उन दिनों किसी कारण की वजह से टावर ऑफ लंदन बंद ही पड़ा था। फिर भी शाम को हजारों लोगों टावर के बाहर जमा होने लगी और अंदर जाने के लिए धक्का–मुक्की भी होने लगी बाद में धीरे–धीरे पता चला कि किसी ने उन्हें अप्रैल फूल बनाया है फिर सभी हंसने लगे। इसी प्रकार एक और मजेदार वाकया प्रचलित हैं 1अप्रैल 1915 की तारीख थी जब जर्मनी हवाई अड्डे पर एक ब्रिटिश पायलट ने एक विशाल बम फेंका जिसे देखकर सभी लोग डर गए और घबरा कर इधर–उधर भागने लगे। काफी देर तक लोग सुरक्षित स्थानों में छुपे रहे लेकिन काफी वक्त बीतने के बाद भी जब कोई बम धमाके की आवाज नहीं आए तो लोग बम वाले स्थान पर डरते डरते देखने पहुंचे वहां जाकर उन्हें एक बड़ी सी फुटबॉल मिली जिस पर अप्रैल फूल लिखा था। तब जाकर लोगों की जान में जान आई।

इसी प्रकार एक और किस्सा है जिसमें काफी लोगों को खूब मूर्ख बनाया। 31 मार्च 2013 को घोषणा की गई कि 1 अप्रैल से यूट्यूब बंद हो जाएगा और पिछले सालों में अपलोड वीडियो में से यह सर्वश्रेष्ठ वीडियो का चुनाव एक पैनल द्वारा किया जाएगा। जो 2023 में इसका परिणाम घोषित करेगा इसी प्रकार लोगों में कई प्रकार के असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई बाद में पता चला किसी यूजर ने अफवाह फैलाई थी। इस तरह देखा जाए तो यह एक बहुत ही प्यारा त्यौहार हैं। जो लोगों से चेहरे पर मुस्कुराहट लाता है और फिर से बचपन को जीने का एक मौका देता है मगर तब तक जब तक यहां सिर्फ शरारत झूट या मजाक अपने दायरे मे रहे। हमारे मजाक से किसी को दुख ना पहुंचे इस बात का हमें ख्याल रखना होता है।






**PUNAM MAM &**
**KUMAR RAVI SHANKAR**

## कॉलेज एरा–एक नई शुरुआत

सभी विश्वविद्यालयों को एक ही सूत्र में पिरोने और विद्यार्थियों को एक सशक्त मंच प्रदान करने के लिए College Era Magazine Team का यह प्रयास सराहनीय है।
पूरी टीम को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं ढेर सारी शुभकामनाएँ। आपका यह प्रयास निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित करता रहे–इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ।

मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई। आपका अच्छा प्रयास है।

**KUMAR RAVI SHANKAR**
**Retd. I.P.S.**




**Congratulations!**

You are doing really wonderful work by weaving the diversity of all universities into a single thread. Through College Era Magazine, you are providing students of Jharkhand a valuable opportunity to understand and explore all the universities of the state in one place.
From the bottom of my heart, I express my sincere thanks to the editor Dr. Shital Kumari Ma'am and the entire team of College Era Magazine.
We hope that this magazine will continue to achieve new heights of success and set new milestones in the field of education.

**Prof. (Dr.) Piyush Ranjan**
**Vice-Chancellor**
**Jharkhand Rai University, Ranchi**




**Prof. (Dr.) Piyush Ranjan**
**Vice-Chancellor**
**Jharkhand Rai University, Ranchi**

# COLLEGE *Campus Interview*



Sarala Birla University Ranchi



**Amisha Barwa** is a student of Sarla Birla University. Her father's name is Mr. Satish Kumar Barwa. Her aim is to become an engineer in the future. Her favorite teacher is Rahul Das. She likes singing as her favorite hobby and favorite food is dosa.She is currently pursuing a course in Computer Science Engineering.




**Sonali** studies at Saral  Birla University and she is a student of B.A. Engineering (Honours). Her father's name is Alok Kumar. Her aims to become a Professor in the future. Her favorite teacher is Miss ishika. Her favorite food is pizza, and she likes reading and dancing.



**Ashmit Raj** is a student of Sarala Birla university  with a strong ambition to become a Software Engineer. His father's name is Sunil Dubey. He admires his favorite teachers, Dilip Kumar and Aditya Swaroop. He loves enjoying Gulab Jamun and spends his free time reading books and playing cricket, which are his favorite hobbies.




My name is **Sourabh Kumar Chaubey**, and I study at Sarla Birla University. My father's name is Santosh Kumar Chaubey. I aspire to work in the defense sector in the future. My favorite teacher is Dr. Pintu Das. My favorite food is biryani, and my hobby is reading books.



My name is **Nitish Kumar**. I am a student at Sarla Birla University. My father's name is Chandrama pal. I have a strong ambition to work in the defense sector and serve my country. My favorite teacher is Dr. Pintu Das, who inspires me a lot. My favorite food is dal and rice, which I enjoy very much. In my free time, I love studying books and walking in nature.



My name is **Deepti Nanda**, and I study at Sarla Birla University. My father's name is Sanjay Kumar Khesari. My dream is to become a Cyber Security Analyst, and I am working hard to achieve this goal. My favorite teacher is Dr. Dipti Kumari. My favorite food is South Indian food, and I love sports.



I am a student at Sarla Birla University. My name is  **Aditya Raj** and my father's name is late Ajay Chaubey. My aim is to become a software developer. My favorite teacher is Nikita Tiwari. My favorite South Indian dish is dosa. My hobbies include playing cricket and traveling.

# The Principal

*Today, we have with us Preeti Kumari, the Principal of Kalawati College of Pharmacy, who inspires students to achieve success through her hard work and dedication*

**Q1. Please introduce yourself.**

Ans: My name is Preeti Kumari. I am the Principal at Kalavati College of Pharmacy. I am deeply committed to education and guiding students toward a bright future.

**Q2. How has your educational journey been?**

Ans: My educational journey has been full of learning and valuable experiences. It has taught me many lessons that helped me grow both personally and professionally.

**Q3. Since when have you been associated with this institution?**

Ans: I have been associated with this institution since 2019. Since then, I have been actively involved in teaching and academic development.

**Q4. Which subject do you teach and why do you like it?**

Ans: I teach pharmology and pharmaceutical Chemistry, which is my favorite subject. I enjoy teaching it because it is very interesting and closely connected to daily life and the pharmaceutical field.

**Q5. What teaching methods do you use in your classroom?**

Ans: I teach students using lesson-based activities and storytelling methods. These techniques make learning easier, more engaging, and enjoyable for students.

**Q6. What are your views about the pharmaceutical industry?**

Ans: The pharmaceutical industry can never stop because new diseases continue to appear, and with new diseases come new medicines and new job opportunities. Therefore, this field always has scope for growth.



**Q7. What is your opinion about modern education?**

Ans: In modern education, learning should not be degree-centered but student-centered. The focus should be on students' understanding, skills, and overall development.

**Q8. What kind of teacher are you?**

Ans: I am a discipline-loving teacher. I believe discipline is very important for achieving success in both education and life.

**Q9. How has your experience as a teacher been?**

Ans: My experience as a teacher has been very good and interesting. Teaching students and watching them grow gives me great satisfaction.

**Q10. What are your thoughts about the College Era Magazine?**

Ans: College Era Magazine is a very good magazine. It is highly beneficial for students and supports their mental and physical development.

**Q11. Would you like to give any message to the magazine team?**

Ans: I would like to sincerely thank the entire team from the bottom of my heart for their excellent efforts and dedication.




# Genius

*One is not born a Genius, One become a Genius*



- ★ **छात्र का नाम** : अमन प्रभात
- ★ **पिता का नाम** : ब्रजेन्द्र नाथ तिवारी
- ★ **माता का नाम** : सावित्री तिवारी
- ★ **निवास स्थान** : राँची, झारखंड

★ **वर्तमान उपलब्धि** : सीटीईटी (CTET) परीक्षा उत्तीर्ण की तथा राजनीतिक विज्ञान में यूजीसी नेट (UGC NET) परीक्षा दो बार उत्तीर्ण की।

★ **शैक्षिक यात्रा** : मैंने मारवाड़ी कॉलेज, रांची से राजनीतिक विज्ञान में स्नातक (B.A.) की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद मैंने विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग से स्नातकोत्तर (Post-Graduation) किया। बी.एड. प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मुझे प्रतिष्ठित राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रांची में नामांकन प्राप्त हुआ।

★ **दैनिक दिनचर्या** : एक बी.एड. छात्र होने के नाते मेरी कक्षाएं सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलती हैं। इसके बाद में शाम 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक स्व–अध्ययन करता हूँ, जिसमें एक घंटा बी.एड. से संबंधित अध्ययन और तीन घंटे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए देता हूँ। साथ ही, मैं प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे उठकर एक घंटे तक पिछले दिन पढ़े गए विषयों का पुनरावलोकन करता हूँ।

★ **अध्ययन में निरंतरता** : मैं मानता हूँ कि लंबे समय तक पढ़ाई करने से अधिक महत्वपूर्ण निरंतरता है। प्रतिदिन 3/4 घंटे नियमित रूप से पढ़ना, बिना निरंतरता के 7/8 घंटे पढ़ने से अधिक प्रभावी होता है।

★ **सफलता का मंत्र** :
मैं रामचरितमानस की एक चौपाई से प्रेरित हूँ—
"कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं"
अर्थात इस संसार में कोई भी कार्य असंभव नहीं हैय प्रत्येक व्यक्ति में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की क्षमता होती है। साथ ही, मैं अपने शिक्षकों पर विश्वास रखने में विश्वास करता हूँ, क्योंकि वे छात्रों से अधिक अनुभवी और सक्षम होते हैं।

★ **भविष्य का लक्ष्य/सपना** :
मेरा बचपन से ही एकमात्र लक्ष्य एक अच्छा शिक्षक बनना हैकृचाहे वह विद्यालय स्तर पर हो या विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप मेंकृजो अपने छात्रों को स्वयं से अधिक सक्षम बनाने का प्रयास करे।

★ **रुचियाँ (हॉबी)** : मेरी रुचि ऐसे पुस्तकों को पढ़ने में है, जो भारतीय इतिहास और राजनीति का समन्वय प्रस्तुत करती हैं।

★ **परिवार एवं मित्रों का योगदान** : मेरे परिवार ने हमेशा मुझे प्रेरित किया है। मेरे माता–पिता ने कभी भी मुझ पर शैक्षणिक प्रदर्शन का दबाव नहीं डाला और हर संभव तरीके से मेरा समर्थन किया। मेरे मित्रों ने भी हमेशा मुझ पर विश्वास किया और मुझे यह कहकर प्रोत्साहित किया कि "अगर तुम नहीं कर सकते, तो कौन कर सकता है।"

★ **जीवन से मिली सीख** : मैंने यह सीखा है कि शिक्षा को बोझ नहीं समझना चाहिए। यदि हम इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लें, तो यह अन्य गतिविधियों की तरह आनंददायक हो सकती है। साथ ही, हर प्रयास सफलता नहीं देता, लेकिन हर प्रयास हमें अनुभव देता है, जो भविष्य में काम आता है।

★ **कॉलेज एरा सदस्यता** : मैंने इस पत्रिका के बारे में जानकारी मिलने के बाद दो महीने पहले इसकी सदस्यता ली।

★ **तैयारी में कॉलेज एरा की भूमिका** : यह पत्रिका बहुत सहायक है। जब इसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्रों की उपलब्धियों को दिखाया जाता है, तो वह मुझे प्रेरित करता है कि मैं भी अपने शैक्षणिक क्षेत्र में कुछ उपलब्धि हासिल करूं और अपने कॉलेज का नाम रोशन करूं।




विद्यार्थी जीवन में अक्सर हम अपने हेल्थ पर ध्यान नहीं दे पाते हैं और इसलिए छात्रों को अपने हेल्थ के प्रति अवेयर करने के लक्ष्य के तहत

● रांची के सबसे पुराने **सुप्रसिद्ध ब्यौहार आई क्लिनिक की डॉक्टर आई स्पेशलिस्ट डॉ. सुषमा सिन्हा** से हमारे संवाददाता से खास बातचीत के कुछ अंश है

**प्रश्न : मैम, कृपया अपने बारे में बताइए।**

**उत्तर** : मेरा नाम डॉ. सुषमा सिन्हा है और मैं पिछले 30 वर्षों से आई स्पेशलिस्ट के रूप में कार्य कर रही हूँ। मेरी प्लस 2 तक की पढ़ाई संत जेवियर्स कॉलेज रांची से हुई है, मैंने राजेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) से MBBS और MSI पूरा किया।

**प्रश्न : आपने इस प्रोफेशन को क्यों चुना?**

**उत्तर** : यह एक फैमिली प्रोफेशन जैसा ही रहा। मेरे हसबैंड डॉ. आनंद कुमार सिन्हा भी इसी क्षेत्र में हैं, जिससे हमें साथ मिलकर काम करने का अवसर मिलता है। यह एक साफ–सुथरा और संतोषजनक करियर है। जिसमें हम सर्जरी और मेडिसिन दोनों के माध्यम से लोगों की मदद कर सकते हैं।

**प्रश्न: आज के छात्रों में आंखों से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या क्या है?**

**उत्तर:** आज के समय में सबसे बड़ी समस्या मोबाइल का अत्यधिक उपयोग है। बच्चे घंटों मोबाइल में लगे रहते हैं, जिससे आंखों में ड्रायनेस, लालपन, सिरदर्द और जलन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**प्रश्न: बच्चों को आंखों की सुरक्षा के लिए क्या सावधानियां रखनी चाहिए?**

**उत्तर:** मोबाइल का उपयोग सीमित समय के लिए करें

- अंधेरे में मोबाइल का उपयोग न करें।
- टीवी बहुत पास से न देखें।
- पढ़ाई करते समय अच्छी रोशनी हो।
- मोबाइल / लैपटॉप से उचित दूरी बनाए रखें
- सोने से पहले स्क्रीन से दूरी बना लें।
- पूरी नींद लें और पर्याप्त पानी पिएं

**प्रश्न: माता–पिता को क्या ध्यान रखना चाहिए?**

**उत्तर:** बच्चे अपनी परेशानी ठीक से बता नहीं पाते, इसलिए माता–पिता को सतर्क रहना चाहिए। अगर आंखों में कोई समस्या दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच जरूर कराएं।

**प्रश्न: क्या कुछ घरेलू उपाय भी मददगार होते हैं?**

**उत्तर:** हाँ, कुछ प्राकृतिक चीजें जैसे– सुबह में हरी घास पर खाली पर चलना, गाजर वाला हरी पत्तेदार सब्जी बादाम मछलियों में युक्त हर लेना चाहिए तो सुबह पानी के छीटें मारे, आंखों के लिए एक्सरसाइज करें पर्याप्त नहीं स्क्रीन टाइम कम करें साफ हाथों से ही आंखों को छुए जैसे क्रियाकलाप आंखों के लिए लाभदायक होते हैं। लेकिन किसी भी गंभीर समस्या में डॉक्टर की सलाह जरूरी है।



**Dr. Sushma Sinha**

(Eye Specialist)
Kashyap Memorial Eye Hospital

**प्रश्न: गर्मी के मौसम में आंखों की देखभाल कैसे करें?**

**उत्तर:** ● धूप में सनग्लासेस का उपयोग करें ● शरीर को ढककर रखें ● पानी की कमी न होने दें ● हीट स्ट्रोक से बचाव करें

**प्रश्न: जो छात्र डॉक्टर बनना चाहते हैं, उन्हें क्या सलाह देंगी?**

**उत्तर:** मेडिकल क्षेत्र एक लंबी यात्रा है, इसमें कोई शॉर्टकट नहीं होता। धैर्य और मेहनत बहुत जरूरी है। जो छात्र PCB लेते हैं, उन्हें लगता है कि मैथ्स जरूरी नहीं है, लेकिन मेडिकल एंट्रेंस और आगे की पढ़ाई में मैथ्स का बेसिक ज्ञान बहुत काम आता है।

**प्रश्न: अंत में हमारे मैगजीन के बारे में कुछ कहना चाहेंगी?**

**उत्तर:** आपका प्रयास बहुत सराहनीय है। इससे छात्रों को विभिन्न कॉलेजों और गतिविधियों की जानकारी मिलती है। मैं पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूँ और आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

**निष्कर्ष:** डॉ. सुषमा सिंह (eye specialist) का अनुभव हमें यह सिखाता है कि आंखों की देखभाल आज के डिजिटल युग में बेहद जरूरी है। सही आदतें अपनाकर हम अपनी आंखों को सुरक्षित रख सकते हैं।

**Opposite Urology Care Clinic, Near Jaiprakash Nagar Bariatu Road, Ranchi - 834009, Jharkhand, Call : +91 9241827500**
**Email: info@panaceahospitalranchi.com, Website : www.panaceahospitalranchi.com**

# झलकियां



## अहमदाबाद दौरे पर एसबीयू के कुलपति, हुई नोडल सेंटर पर चर्चा

सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने अहमदाबाद स्थित इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर का दौरा किया गया। इस दौरान कुलपति ने केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. सी. पी. सिंह (तकनीकी स्पेस स्टार्टअप्स के नोडल अधिकारी) से मुलाकात की। बैठक में भारत में तेजी से विकसित हो रहे स्पेस स्टार्टअप इकोसिस्टम तथा उसमें विश्वविद्यालयों की भूमिका को लेकर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान विश्वविद्यालय के लिए सहयोग, फंडिंग की संभावनाओं तथा छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराने पर विस्तृत बातचीत की गई।यदि यह पहल सफल होती है, तो सरला बिरला विश्वविद्यालय झारखंड में स्पेस स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने हेतु एक नोडल सेंटर के रूप में विकसित हो सकता है। इस सेंटर को आईएन–स्पेस का सहयोग प्राप्त होगा। इससे राज्य में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को नई दिशा मिलेगी।एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उम्मीद जताई है कि यह दौरा विश्वविद्यालय के लिए भविष्य में नए सहयोग और अवसरों के द्वार खोलने वाला साबित होगा।

## जेटीयू मे दो दिवसीय एडवांस्ड कम्प्यूटिंग एंड एप्लीकेशंस पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

उन्नत संगणना एवं अनुप्रयोगों पर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएसीए/2026) का उद्घाटन झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का उद्घाटन किया। संजय सेठ ने कहा कि इससे राज्य में अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० (डॉ०) डी० के० सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो० (डॉ०) जे० के० मंडल ने बताया इस सम्मेलन में उन्नत संगणना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा विश्लेषण और आधुनिक तकनीकों से संबंधित कई महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

**विशिष्ट अतिथिः** पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक प्रो० (डॉ०) रंजीत कुमार सिंह, मलेशिया से आए शिक्षाविद डॉ० सी० नावा तथा दूरसंचार अभियंत्रण संस्थान के टीपीओसी के अध्यक्ष डॉ० शिव कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स में रैप्सौडी–मेराकीः द म्यूज ऑफ स्प्रिंग

सेंट जेवियर्स कॉलेज के B.Ed. विभाग के अंग्रेजी भाषा क्लब द्वारा ष्रैप्सौडी–मेराकीःद म्यूज ऑफ स्प्रिंग ष्दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन डॉ. फा. रबर प्रदीप कुजुर के मार्गदर्शन में किया गया। क्लब के लोगों का अनावरण हुआ ।इस मे रिदम रिटर्न ,पेंट ए स्टोरी ,जस्ट ए मिनिट ड्यूल मेनिया जैसे कार्यक्रम हुए।

## रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस के नए कॉर्डिनेटर

रांची विश्वविद्यालय में एनएसएस के नए कॉर्डिनेटर डॉ. किशोर सुरीन का टीआरएल संकाय के शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों व शोधार्थियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## बीआईटी मे स्ट्रेस मैनेजमेंट मेडिटेशन इनर हार्मनी एंड न्यूट्रिशन पर कार्यक्रम

बीआईटी मेसरा के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक परिसर में स्ट्रेस मैनेजमेंट मेडिटेशन इनर हार्मनी एंड न्यूट्रिशन विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. उमेश सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला तो मुनमुन शेफाली बड़ाईक ने साइकोमेट्रिक टेस्टिंग व उनके महत्व पर जानकारी दी , अनुप्रिया ने ध्यान विजेता सिंह ने इनर हार्मनी एवं न्यूट्रिशन के बारे में जानकारी दी।

## बीआईटी –संकेत से नियंत्रित होगी व्हीलचेयर

बीआईटी मेसरा के शोधकर्ताओं ने एक ऐसी क्रांतिकारी तकनीक विकसित की है जिसके सहयोग से दिव्यांग व्यक्ति केवल अपने दिमाग के संकेतो से व्हीलचेयर को नियंत्रित कर सकेंगे।ईईई विभाग के असिस्टेंट प्रो. डॉ. प्रभात कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में इस प्रणाली को हाइब्रिड क्वांटम एन्हास्ड मॉडल पर तैयार किया गया है।

## योगदा सत्संग महाविद्यालय के छात्रों ने कल्पनाशीलता का परिचय दिया

योगिता सत्संग महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की छात्रा संचालित स्पार्क समिति ने रचनात्मक साहित्यिक गतिविधियों के श्रृंखला को आयोजित किया। जिसमें कविता पाठ कविता लेखन, लघु कथा लेखन और सुलेख शामिल रहे। इस कार्यक्रम में चारों सेमेस्टर के छात्रों ने अपनी कल्पना शीलता का परिचय दिया। प्रत्येक श्रेणी से तीन शीर्ष प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## राम लखन सिंह यादव कॉलेज में शहीदों को पुष्पांजलि

राम लखन सिंह यादव कॉलेज में शहीद दिवस पर गरिमा में कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विष्णु चरण महतो और एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. भावना कुमारी के नेतृत्व में 21 एंड सीसी कैडेट्स व शिक्षाको ने वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की एवं 2 मिनट का मौन रख कर उनके बलिदानों को याद किया। प्राचार्य ने कहा कि शहीदों का त्याग हमें देश के प्रति कर्तव्य निभाने का संदेश देता है। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया

## मारवाड़ी कॉलेज ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में स्वर्ण पदक जीता

रांची विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए मारवाड़ी कॉलेज के

अंग्रेजी विभाग के छात्र प्रणव राम जी तिवारी ने एसोसिएशन ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी द्वारा तमिलनाडु के चेन्नई में राष्ट्रीय युवा महोत्सव के वाद– विवाद प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं। देशभर के विद्यालय में उन्हें प्रथम पुरस्कार मिला है। इसे विश्वविद्यालय ने पूरे झारखंड के लिए स्वर्णिम उपलब्धि बताया है।

## मेसरा मे हाइपरस्पेक्ट्रेल और लिडार डेटा विश्लेषण, कार्यशाला

बीआईटी मेसरा में रिमोट सेंसिंग व जियोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग में दो दिवसीय 'हाइपरस्पेक्ट्रेल और लिडार डेटा विश्लेषण, कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिओपिक्स क्लब के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी एआई का इस्तेमाल हो –एसपी अग्रवाल

साईं यूनिवर्सिटी व पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वाधान में तीसरा झारखंड हेल्थ केयर सबमिट 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण झारखंड में स्वास्थ्य चुनौतियों और भविष्य के रणनीतियों का मंथन करना था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एंव राजकुमार पोद्दार सिद्धार्थ त्रिपाठी व विभिन्न अस्पतालों के विशेषज्ञों ने अपने–अपने विचारों को साझा किया। सबमिट के अध्यक्ष और साईनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एसपी अग्रवाल ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एआई के उपयोग और नेचुरो पैथी जैसे समग्र चिकित्सा पद्धति को अपनाने पर बल दिया।

## आईएचएम की नितिन सांगा ने इंडिया स्किल प्रतियोगिता में जीत ब्रांच मेडल

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) रांची की छात्रा नितिन सांगा ने इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2025 के बेकरी ट्रेड में राष्ट्रीय स्तर पर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत आयोजित की जाती है और वर्ल्ड स्किल्ड शंघाई 2026 के लिए अंतिम क्वालीफाई इवेंट भी है जिसे ओलंपिक ऑफिस स्किल्स कहा जाता है। इसमें देश भर के प्रतिभागी 63 विभिन्न कौशल श्रेणियां में भाग लेते हैं। नितिन सांगा ने अपने रचनात्मक कौशल तकनीकी दक्षता और बेकरी कला में उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णयको प्रभावित किया है। नितिन ने राज्य और जोनल स्तर पर जीत दर्ज करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की है। वो प्रशिक्षण के बाद शंघाई चीन में होने वाले वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। संस्थान के प्राचार्य डॉक्टर भूपेश कुमार ने इसे गौरव का क्षण बताया।

## मारवाड़ी कॉलेज में रोजगार परक प्रशिक्षण

मारवाड़ी कॉलेज में इंफोसिस फाऊंडेशन के सहयोग से व लर्नेट स्किल्स लिमिटेड द्वारा रोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्रों को प्रोफेशनल कम्युनिकेशन, लॉजिकल रीजनिंग, एप्टीट्यूड, बेसिक आईडी स्किल, इंटरव्यू एवं अन्य कार्यक्रम कराए गए।

## एमिटी मे 'संवेदनशीलता एवं रक्तदान शिविर'

एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के एनएसएस एनसीसी और एमडब्ल्यूडी विंग ने रिम्स के सहयोग से 'संवेदनशीलता एवं रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया। कैंपस में छात्र–छात्राओं एवं फैकल्टी मेंबर ने मिलकर 120 यूनिट रक्तदान किया। रिम्स की मेडिकल टीम ने दाताओं की जांच कर उन्हें डोनर कार्ड और स्मृति चिन्ह प्रदान किया। दूसरी ओर एमटी लॉ स्कूल के विद्यार्थियों ने ट्रेफिक अवेयरनेस आउटरीच के जरिए पोस्टर्स और स्लोगन के जरिए कानूनी नियम और सुरक्षा के महत्व को समझाया।



**100 Days International Day of Yoga Countdown Programme 2026 in RKMVERI**

## मेसरा मे साईबर सुरक्षा कार्यशाला

बीआईटी मेसरा, लालपुर यूनिट में एमसीए के छात्रों के लिए साईबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र के वक्ता लैंगिग सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक व लीड ट्रेनर विशाल कुमार मरांडी रहे। कार्यशाला में रैसमवेयर फिशिंग ऑर्डर ,क्क्वे जैसे प्रमुख साइबर खतरों, सुरक्षित बाउंसिंग की आदतों पर हैकर्स के प्रकारों की चर्चा की गई। व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने बूठ फोर्स और कैमरा हमले की अवधारणाओं के साथ वास्तविक परिदृश्यो को समझा और काली लिनक्स पर बप सूट एंड एन आपो और नेट डिस्कशन जैसे टूल्स का अभ्यास किया।

## वीमेंस कॉलेज मे आत्महत्या रोकथाम पर कार्यक्रम

वीमेंस कॉलेज, रांची की प्राचार्य डॉ. विनीता सिंह के मार्गदर्शन में स्टूडेंट काउंसिल एंड गाइडेंस सेल की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आत्महत्या रोकथाम एवं संकट हस्तक्षेप विषय पर सम्वेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम मानस के सहयोग से किया गया जो कि भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए नेशनल टेलीमेंटल हेल्थ प्रोग्राम के तहत एक पहल है टेली मानस एक राष्ट्रीय व्यापी टोल फ्री हेल्पलाइन 14416 है जो तत्काल सहायता परामर्श एवं रेफरल सेवाएं प्रदान करती हैं। झारखंड में टेली मानस की इकाई सीआईपी, रांची में स्थित है जो बहुभाषी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराती है।यह कार्यक्रम साइंस ब्लॉक के सेमिनार हॉल में हुआ। बीबीए, कॉमर्स ,आईटी बायोटेक्नोलॉजी एवं सीएनडीए विभाग के छात्र –छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मनोरोग एमडी डॉ. प्रिया राय ने मानसिक तनाव पर प्रारंभिक संकेत की पहचान किया तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अलका वाडा, डॉ. अमृता और डॉ. राजबाला भी उपस्थित रही।

## सनराइज कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 4जी सेरेमनी

सनराइज कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुटुप इरवा में नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए 4जी सेरेमनी एवं लैंप लाइटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलित करके की गई। मुख्य अतिथि एवं कालेज प्रबंधन के सदस्यों ने भाग लिया इस समारोह में नर्सिंग विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण कर ईमानदारी समर्पण और मरीजों के सेवा के प्रति पूर्ण निष्ठा रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्रेया झा ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पैसा नहीं बल्कि मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है।



गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची (इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन, रांची, झारखंड) के बी.एड. सत्र 2024–26 के प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु शिक्षक एवं शिक्षा मंत्री विकास महतो ने 82.92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित करते शिक्षक

## जेएसओयू के कुलपति ने सीएम से मुलाकात की

झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर अभय सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। कुलपति का पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षिक एवं प्रशासनिक स्थितियां तथा विभिन्न गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं से विस्तार पूर्वक अवगत कराया।

## सेंट जेवियर्स में सहस्त्र बलों में करियर पर व्याख्यान

सेंट जेवियर्स, कॉलेज रांची में आईसीसी तथा प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से फादर सी डी बाबर ऑडिटोरियम में सहस्त्र बालों में करियर विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करना था। इसकी शुरुआत कॉलेज से प्रांगण में एनसीसी कैडेट के प्रस्तुति गार्ड ऑफ ऑनर से हुई एनडीए सीडीएस में चयन प्रक्रिया के बारे में बताया गया

## स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पांचवी कैंपिंग सेरेमनी

स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कैंपिंग सेरेमनी सह शपथ समारोह का आयोजन किया गया। 2020 –25 बैच के छात्रों ने लाइटिंग करते हुए शपथ लिया। यह कॉलेज की पांचवी कैंपिंग सेरेमनी थी। इस अवसर पर संस्थान से संबंधित कई चिकित्सक भी शामिल हुए। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियो से सबको मंत्र मुक्त कर दिया। संस्थान के निदेशक डॉ.सिद्धार्थ प्रकाश एवं स्नेहा झा ने छात्रों को संबोधित किया।इस अवसर पर शिक्षाविद एवं चिकित्सा से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। संस्थापक डॉ. प्रकाश सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बीआईटी मेसरा में 'नाज 2026'

बीआईटी मेसरा में आयोजित वार्षिक संगीत उत्सव 'नाज 2026' का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्थान की संगीत संकाय सदस्य अलका श्रीवास्तव शामिल रही हरजाइया पिक पोनी क्लब औरेगानो अफेयर्स ,अकापेला ,साज ,कली टेल्स, टेक्स स्टोन जैसे समूह ने मंच पर अपनी अपनी प्रस्तुतिया दिया दें।

## आरकेडीएफ में 'कार्निवविस्टा 2026'

आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में कार्निवविस्टा 2026 का आयोजन किया गया। शाम से शुरू हुआ यह सांस्कृतिक महोत्सव देर रात तक पूरे उत्साह के साथ चलता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. डॉ. एस चटर्जी और कुलसचिव डॉ. अमित कुमार पांडे ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस महोत्सव में डांस, सिंगिंग, लाइव बैंड नाटक और ग्रुप एक्ट ने दर्शकों के मन मोह लिया। छात्रों ने खूब इंजॉय किया। पूरे कैंपस में रंगीन लाइट्स डेकोरेशन और म्यूजिक ने वाइब को एकदम एनर्जेटिक बना दिया।

## गोस्सनर में स्पेस बेसिक लाइफ सपोर्ट पर कार्यशाला

गोस्सनर कॉलेज में आईक्यूएसी व वाणिज्य संकाय की बेसिक लाइफ सपोर्ट जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने सीपीआर कृत्रिम श्वसन व प्राकृतिक चिकित्सा की विधियो का प्रदर्शन किया गया। डमी मॉडल एवं शिशु मॉडल के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि किसी व्यक्ति की सांस रुकने, हृदय गति बंद होने या अचानक बेहोशी की स्थिति में किस प्रकार सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

## डीएसपीएमयू के शिक्षकों द्वारा लिखित कंप्यूटर टेक्नोलॉजी पुस्तक का विमोचन

डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ. राजीव मनोहर ने विश्वविद्यालय के शिक्षक के द्वारा लिखी पुस्तक कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा की पुस्तकों का प्रकाशन किसी भी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रतिबिंब होता है। लिखी गई है या पुस्तक डॉ. राहुल देव शाह, डॉ.राजेंद्र कुमार महतो और डॉ .ए. एन .साहू द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है। खास बात यह है कि यह पुस्तक सरकार की नई शिक्षा नीति एनइपी के तहत 'स्किल एनहांस्ड कोस' के पाठ्यक्रम पर आधारित है।

## आरयू के हैप्पीनेस सेंटर का असिस्टेंट डायरेक्टर बनी. डॉ.रोजोलिना

रांची यूनिवर्सिटी ने मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रो. रोजोलिना सिंह को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर यानी हैप्पीनेस सेंटर का असिस्टेंट डायरेक्टर बनाया है। उन्हें यह जिम्मेदारी अतिरिक्त प्रभार के रूप में


SWARNREKHA COLLEGE OF PHARMACY
Recognised by : Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
Affiliated to : Jharkhand State Pharmacy Council

SWARNREKHA INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
(Affiliated to Jharkhand State Para Medical Council, Ranchi)

SWARNREKHA COLLEGE OF NURSING
Recognised by : Jharkhand Nurses Registration Council (JNRC) and Affiliated to INC, New Delhi

ISO 9001-2008 SITE Golden Path of Tech. Edu.
SWARNREKHA INSTITUTE OF TECHNICAL EDUCATION
Regular / Distance / Online Education
UGC/AICTE/ DEB APPROVED UNIVERSITY COURSES

HEAD OFFICE : SITE, RISHABH TOWER, LINE TANK ROAD, RANCHI- 834001 (JHARKHAND)
CAMPUS 1. BOOTY ROAD, BARIATU, RANCHI - 834009 CAMPUS 2. DAHUTOLA, BEFORE PITHORIA CHOWK, RANCHI, JHARKHAND
MOBILE : 0651-2210106(O), 8210772409, 7004418497, 9431326500, E-mail: swarnnursing@gmail.com, siteranchi05@gmail.com, Website:www.swarnrekha.org

अगले आदेश तक के लिए सौपी गई है। इससे पहले वो डिप्टी डायरेक्टर के पद पर भी नियुक्त रह चुकी हैं।

## योगदा मे व्यवहार कौशल कार्यशाला

योगदा सत्संग महाविद्यालय में तीन दिवसीय व्यापक 'व्यवहार कौशल कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस में 110 से अधिक विद्यार्थियों सहभागी बने। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यवसायिक व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. रविंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि व्यवहार कौशल केवल व्यावसायिक जीवन के लिए ही नहीं बल्कि दैनिक जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। आयोजन टीम की डॉ. मयूरी, सिमरन कौर, डॉ. लवनीश और डॉ दिवाकर और प्रवीण शर्मा को भी योजना निर्माण और व्यवस्थापन में योगदान के लिए सराहा गया।

## संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर का आयोजन

संजय गांधी मेमोरियल महाविद्यालय के एनएसएस यूनिट 3 की डॉ. पम्पा सेन विश्वास की ओर से विशेष शिविर का आयोजन पंडरा के राजकीय मध्य विद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर डॉ. सुदेश साहू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालय में समय–समय पर होते रहते हैं ।

## मारवाड़ी कॉलेज के प्रणव को सर्वश्रेष्ठ वक्ता का राष्ट्रीय खिताब

मारवाड़ी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के स्नातक चतुर्भुज वर्ष के छात्र और एनएसएस स्वयंसेवक प्रणव तिवारी को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का राष्ट्रीय खिताब से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में वे स्वर्ण विजेता भी रह चुके हैं।

## राजकीय आईटीआई मे महिंद्रा ऐंड महिंद्रा की विशेष ट्रेनिंग

राजकीय आईटीआई कल्याण में महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के सर प्रोजेक्ट के तहत आयोजित विशेष ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस सत्र में सेंटम फाउंडेशन के सहयोग से 65 छात्राओं ने इ6 नॉर्म्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल जैसी आधुनिक तकनीक की बारीकियां को सिखाई गई। संस्थान में महिंद्रा टेक कॉर्नर की शुरुआत भी हुई जो छात्रों को प्रैक्टिकल नॉलेज देगा। छात्रों को सर्टिफिकेट भी मिले । महिंद्रा के अंशुमन घोष, अरुण और स्नेह लता इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## मनराखन महतो नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस

मनराखन महतो नर्सिंग कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय था 'साथ मिलकर स्वास्थ्य के लिए विज्ञान के साथ खड़े रहें' कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के अध्यक्ष मनराखन महतो ने किया। उन्होंने टीमवर्क एवं समर्पण को सराहा। प्राचार्य प्रो. चित्रवेल वी ने स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व तथा बेहतर जनस्वास्थ्य के लिए सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्पीच, समूह प्रस्तुति पोस्टर, प्रस्तुति, कविता पाठ तथा स्वास्थ्य विषयक नाटक की प्रस्तुति की गई।

## आरटीसी बीएड कॉलेज मे भारतीय शिक्षण मंडल झारखंड प्रांत का 57 वें स्थापना दिवस सह व्याख्यान

आरटीसी बीएड कॉलेज, बूटी ,राँची के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय शिक्षण मंडल के ध्येय श्लोक डॉ सुबोध कुमार ने एवं ध्येय वाक्य का वाचन डॉ ममता कुमारी के द्वारा वाचन किया गया।

स्वागत संबोधन डॉ एनके मिश्रा के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का हार्दिक अभिनंदन किया।

'प्रांत मंत्री डॉ सुबास साहु ने भारतीय शिक्षण मंडल के उदय का उल्लेख करते हुए परिचय कराया इसके इतिहास, उपलब्धि और सांगठनिक कार्यों के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता कर रही कॉलेज की प्राचार्या डॉ.रिचा पदमा जी ने अपने उद्बोधन में भारतीय शिक्षा प्रणाली में मूल्य आधारित शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया।' भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ प्रदान किये । इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ प्रिया पांडेय जी ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ ओम प्रकाश महतो, रामरत्न बड़ाईक सहित कई गणमान्य शिक्षण गण, आत्मीय कार्यकर्ता, विद्यार्थी (प्रशिक्षु शिक्षक) सहित लगभग 156 प्रबुद्धजन की उपस्थिति रही ।

## आरयू के डॉ. परवेज हसन का एक टर्म और


रांची यूनिवर्सिटी के पीजी मनोविज्ञान विभाग के हेड आफ डिपार्मेंट के पद पर डॉ. एम परवेज हसन एक टर्म और यानी अगले 2 साल के लिए बने रहेंगे। वर्तमान कार्यकाल 18 अप्रैल को समाप्त हो रहा है ।

## संत जेवियर्स में क्वालिटी सर्किल पर कार्यशाला

संत जेवियर्स कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा क्वालिटी सर्कल गुणवत्ता चक्र के विषय पर ज्ञानवर्धक विचार मंथन कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजुर एसजे ने वर्तमान परिदृश्य में क्वालिटी सर्किल के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला।

## जामनगर में वंतारा यूनिवर्सिटी की घोषणा

वंतारा यूनिवर्सिटी, वन्य जीव संरक्षण व वेटरनरी साइंस को समर्पित रिलायंस इंडस्ट्री के एग्जीक्यूटिंग डायरेक्टर अनंत अंबानी की वैश्विक वन्य जीव संरक्षण संस्था वंतारा ने जामनगर में वंतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है। यह वन्य जीव संरक्षण व सेनेटरी साइंस को समर्पित विश्व की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी। यह संस्थान नालंदा विश्वविद्यालय की भावना और श्आ नो भद्राः क्रतवो यंतु विश्वतः (सभी दिशाओं से श्रेष्ठ विचार हमारे पास आए) के आदर्श से प्रेरित होगी। इस यूनिवर्सिटी का लक्ष्य है कि ऐसी पीढ़ी को तैयार



Instant, Accurate & Computerised Eye Testing
Contact Lens Clinic and Hearing Aid
नयन सुख
Nayan-Sukh
OPTICIANS
H.B. Road, Ranchi - 834001
Ph.:0651-2201795, 9334424892
A complete eye care shop

करना जो जीवन की रक्षा के लिए समर्पित हो। स्पेशलाइजेशन परिणाम के रूप में यूनिवर्सिटी वाइल्डलाइफ मेडिसिन व सर्जरी पशु पोषण और व्यवहार विज्ञान जेनेटिक्स एपिडेमियोलॉजी और वन हेल्थ कंजर्वेशन पॉलिसी जैसे विषयों पर यूजी,पीजी, फैलोशिप वह स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम चलाएगी। सामाजिक आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। एडवांस्ड क्लीनिकल इंफ्रा व अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साथ यह रेजिडेंशियल कैंपस शोध आधारित शिक्षा पर केंद्रित करेगा। हिंदू परंपराओं के अनुसार हुए भव्य शिलान्यास में शिक्षा विज्ञान व संरक्षण क्षेत्र के दिग्गजों सहित अनंत अंबानी के शिक्षक व मार्गदर्शक शामिल हुए। जिसका मुख्य आकर्षण देश के अलग–अलग कोनों से लाई गई मिट्टी, जल और पत्थरों को विधि विज्ञान से स्थापित करना था।

## उदय मेमोरियल B-Ed कॉलेज में रैगिंग पर कार्यशाला

उदय मेमोरियल B.Ed. कॉलेज, रांची में रैगिंग के दुष्प्रभाव विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों को रैगिंग से होने वाले सामाजिक मानसिक और कानूनी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

## मेसरा झारखंड का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान को वेटरन्स इंडिया द्वारा श्प्राइड ऑफ नेशन श्अवार्ड के तहत झारखंड का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय चुना गया है। यह सम्मान संस्थान को उत्कृष्ट छात्र विकास, सामुदायिक सहभागिता नेतृत्व निर्माण और मूल्य आधारित शिक्षा के लिए दिया गया। वेटरन्स इंडिया पूर्व सैनिक अधिकारियों द्वारा संचालित एक राष्ट्रीय संगठन है। यह पुरस्कार अखिल भारतीय तकनीकी तकनीकी शिक्षा परिषद एक्ट और भारतीय विश्वविद्यालय संघ जैसे प्रतिष्ठित निकायों के सहयोग से प्रदान किया जाता है। जिसका उद्देश्य ऐसी संस्थाओं को पहचानना है जो केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि सामाजिक और व्यक्तिगत विकास में भी अपना योगदान देते हैं।

## आरयू में नवागत कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा का भव्य स्वागत

नव नियुक्त कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन एवं शांति पाठ के साथ हुआ। राजकमल सरस्वती विद्या



मंदिर, धनबाद के संस्थापक प्राचार्य सह द्वारा स्थापित आचार्य कुल के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. वासुदेव प्रसाद ने कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा को अंग वस्त्र एवं महर्षि दयानंद सरस्वती के क्रांति दर्शन अमर वाक्य पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। प्रो. (डॉ.) जंग बहादुर पांडेय ने सुंदरकांड पुस्तक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं, रांची विवि के परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. मिताली चटर्जी ने माँ भगवती की चुनरी से कुलपति को मातृ स्वरूप में सम्मानित किया। डॉ. अरविंद कुमार लाल ने भी अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान प्रदान किया। संचालन सहायक प्राध्यापक गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज रांची सह आचार्य कुल झारखंड प्रदेश के मंत्री डॉ. ओम प्रकाश ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने 29–30 अप्रैल 2026 को रांची स्थित में आयोजित होने वाले झारखंड प्रदेश आचार्य कुल अधिवेशन की जानकारी दी तथा "आचार्य कुल संदेश" हेतु कुलपति से मार्गदर्शन का आग्रह किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के विद्वान एवं विदुषी शिक्षकों द्वारा किया गया यह भव्य स्वागत "भारत, भारतीयता एवं 'हम' की भावना" का सशक्त परिचायक है। उन्होंने अपनी स्वलिखित भारतीय ज्ञान परंपरा पुस्तक प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों को भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीएवी हेहल के प्राचार्य डॉ. विपिन कुमार, रांची विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुंदन कुमार, इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अरविंद कुमार लाल, सच्चिदानंद मिश्रा, लक्ष्मण नायर, ओम प्रकाश उपाध्याय, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. रूपसी कुमारी तथा भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डीएसडब्ल्यू डॉ. उपेंद्र उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# धरम दयाल इंटर कॉलेज में तीसरा वार्षिकोत्सव



धरम दयाल इंटर कॉलेज में तीसरा वार्षिक समारोह बड़े ही अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ बनाया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शीतल ओहदार और कॉलेज के डायरेक्टर एंव अन्य शिक्षक के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई जिसके बाद छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि ने कहा– शिक्षा के साथ–साथ सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कॉलेज के डायरेक्टर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी शिक्षक और छात्रों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

धरम दयाल इंटर कॉलेज में तीसरा वार्षिक समारोह बड़े ही अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ बनाया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि शीतल ओहदार और कॉलेज के डायरेक्टर एंव अन्य शिक्षक के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई जिसके बाद छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि ने कहा– शिक्षा के साथ–साथ सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कॉलेज के डायरेक्टर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और सभी शिक्षक और छात्रों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।





**DR. RAM SINGH**
(Principal)
DPS, Mathura Road,
New Delhi-110003, (India)

# COMPENDIUM OF CAREER CHOICES

| SL. NO. | CAREER CHOICE | EXAMINATION CYCLE | DATE/MONTH OF EXAM | DEADLINE FOR REG/APPL. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JEE (JOINT ENTRANCE EXAMINATION) | CONDUCTED BIANNUALLY (SESSION I & II) | SESSION I - LAST WEEK OF JANUARY TO FIRST WEEK OF FEBRUARY | SESSION I - DEC 1ST WEEK, |
| 2 | NEET (NATIONAL ELIGIBILITY CUM ENTRANCE TEST) | CONDUCTED ANNUALLY | FIRST WEEK OF MAY OR AS ANNOUNCED BY NTA | 1ST WEEK OF APRIL |
| 3 | BIOCHEMISTRY | CONDUCTED ANNUALLY (CUET) | SECOND WEEK TO LAST WEEK OF MAY | 3RD WEEK OF MARCH |
| 4 | BIOTECHNOLOGY | CONDUCTED ANNUALLY (CUET) | SECOND TO LAST WEEK OF MAY | 3RD WEEK OF MARCH |
| 5 | AGRICULTURE | CONDUCTED ANNUALLY (CUET) | SECOND TO LAST WEEK OF MAY | 3RD WEEK OF MARCH |
| 6 | CUET (COMMON UNIVERSITY ENTRANCE EXAMINATION) | CONDUCTED ANNUALLY | SECOND TO LAST WEEK OF MAY | 3RD WEEK OF MARCH |
| 7 | CA (CHARTERED ACCOUNTANCY) | CONDUCTED BIANNUALLY | NOVEMBER | AUGUST |
| 8 | CS (COMPANY SECRETARY EXAM) | CONDUCTED BIANNUALLY | JUNE AND DECEMBER | FOR DEC DEADLINE MAR 31 & FOR JUN DEADLINE SEP 30 |
| 9 | CLAT (COMMON LAW ADMISSION TEST) | CONDUCTED ANNUALLY | FIRST WEEK OF DECEMBER | JULY 1 TILL NOV 3 |
| 10 | CAT (COMMON ADMISSION TEST) | CONDUCTED ANNUALLY | THIRD/FOURTH WEEK OF NOVEMBER | 3RD WEEK OF SEPTEMBER |
| 11 | ENTREPRENEURSHIP | AS PER INSTITUTION | AS PER INSTITUTION | AS PER INSTITUTION |
| 12 | SAT (SCHOLASTIC ASSESSMENT TEST) | CONDUCTED 7 TIMES PER YEAR | JULY, SEPTEMBER, OCTOBER, NOVEMBER | FEB, APR, MAY, AUG, SEP, OCT & NOV |
| 13 | FOREIGN EDUCATION (UK /USA) | CONDUCTED BIANNUALLY | AUGUST AND JANUARY | AS PER INSTITUTION |
| 14 | FOREIGN EDUCATION (AUSTRALIA/ CANADA/JAPAN) | CONDUCTED BIANNUALLY | AUGUST AND JANUARY | AS PER INSTITUTION |
| 15 | UPSC (UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION) | ANNUALLY (CONDUCTED IN 3 STAGES) PRELIMS , MAINS, AND INTERVIEW | PRELIMINARY EXAM ( MAY/JUNE), MAINS EXAM (SEPTEMBER/OCTOBER) & INTERVIEW ( FEB-MARCH) | FEB |
| 16 | NDA (NATIONAL DEFENCE ACADEMY AND NAVAL ACADEMY EXAM) | CONDUCTED BIANNUALLY | NDA 1 - APRIL, NDA 2 - SEPTEMBER | NDA 1 - JAN, NDA 2 - JUNE |
| 17 | CEPTAM (CENTRE FOR PERSONAL TALENT MANAGEMENT) | CONDUCTED ANNUALLY | THIRD/FOURTH WEEK OF FEBRUARY | OCTOBER |

| SL. NO. | MODE OF REG/APPL. | REG/ APPL. FEE | LINK FOR REGISTRATION/ OFFICIAL WEBSITE | MODE OF EXAM |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ONLINE | INR 1000 FOR MALE CANDIDATES (GEN/EWS/OBC),INR 800 FOR FEMALE CANDIDATES(GEN/ EWS/OBC) & INR 500 (SC/ST/ TRANSGENDER) | https://jeemain.nta.nic.in | ONLINE (CBT) |
| 2 | ONLINE | INR 1700 (GEN), INR 1600 (OBC), INR 1000 (SC/ST/PWD), INR 9500 (OUTSIDE INDIA) | https://neet.nta.nic.in | ONLINE (CBT) |
| 3 | ONLINE | INR 1750 (GEN), INR 1650 (NCL/ EWS) & INR 1550 (SC/ST/PWBD/3RD GENDER) | https://cuet.samarth.ac.in | ONLINE (CBT) |
| 4 | ONLINE | INR 1750 (GEN), INR 1650 (NCL/ EWS) & INR 1550 (SC/ST/PWBD/3RD GENDER) | https://cuet.samarth.ac.in | ONLINE (CBT) |
| 5 | ONLINE | INR 1750 (GEN), INR 1650 (NCL/ EWS) & INR 1550 (SC/ST/PWBD/3RD GENDER) | https://cuet.samarth.ac.in | ONLINE (CBT) |
| 6 | ONLINE | INR 1750 (GEN), INR 1650 (NCL/ EWS) & INR 1550 (SC/ST/PWBD/3RD GENDER) | https://cuet.samarth.ac.in | ONLINE (CBT) |
| 7 | ONLINE | FOUNDATION INR 9000 (INR), RSV 700 (USD) | https://www.icai.org | OFFLINE (PEN AND PAPER) |
| 8 | ONLINE | INR 1000 (APPROX.) | https://www.icsi.edu | OFFLINE (PEN AND PAPER) |
| 9 | OFFLINE (PEN SND PAPER) | INR 4000 (GEN/OBC/PED/NRI/PIO/ OCI) & INR 3500 (SC/ST/BPL) | https://consortiumofnlus.ac.in | OFFLINE (PEN AND PAPER) |
| 10 | ONLINE | INR 2400 (GEN) & INR 1200 (SC/ST/ PWD) | https://iimcat.ac.in | ONLINE (CBT) |
| 11 | AS PER INSTITUTION | AS PER INSTITUTION | OFFICIAL WEBSITE | AS PER INSTITUTION |
| 12 | ONLINE | INR 8536 | https://satsuite.college board. org | ONLINE (CBT) |
| 13 | AS PER INSTITUTION | AS PER INSTITUTION | OFFICIAL WEBSITE | ONLINE (CBT) |
| 14 | AS PER INSTITUTION | AS PER INSTITUTION | OFFICIAL WEBSITE | ONLINE (CBT) |
| 15 | ONLINE | INR 100 FOR GEN / OBC / EWS<br>NILL FOR SC / ST/ PWD | www.upsconline.nic.in<br>www.upsc.gov.in | OFFLINE (PEN AND PAPER) |
| 16 | ONLINE | INR 100 FOR GEN/OBC, SC/ST/ SONS OF JCOS, NCOS, AND ORS EXEMPTED FROM FEES | https://nda.nic.in | OFFLINE (PEN AND PAPER) |
| 17 | ONLINE | INR.100/- (GEN), SC, SC, ESM - EXEMPTED | https://www.drdo.gov.in | ONLINE (CBT) |

| SL. NO. | CAREER CHOICE | EXAMINATION CYCLE | DATE/MONTH OF EXAM | DEADLINE FOR REG/APPL. |
|---|---|---|---|---|
| 18 | MERCHANT NAVY (IMU CET) | CONDUCTED BIANNUALLY | SECOND WEEK OF JUNE | 3RD WEEK OF MAY |
| 19 | AVIATION | | | |
| | BSC IN AVIATION | CONDUCTED ANNUALLY | MAY (THROUGH CUET) | TILL APRIL |
| | COMMERCIAL PILOT | CONDUCTED ANNUALLY | MAY | TILL APRIL |
| 20 | NIFT (NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY) | CONDUCTED ANNUALLY | 1ST - ROUND - 1 WEEK OF FEB<br>2ND ROUND - MARCH END / APRIL START | TILL LAST WEEK OF DECEMBER REGISTRATION FORM RELEASED ON NOVEMBER |
| 21 | TIFR (TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH | CONDUCTED ANNUALLY | THIRD/ FOURTH WEEK OF DECEMBER | LAST WEEK OF OCT |
| 22 | CMI (CHENNAI MATHEMATICAL INSTITUTE) | CONDUCTED ANNUALLY | MAY | FEB |
| 23 | ACTUARIAL SCIENCE (ACET EXAM) | CONDUCTED BIANNUALLY | JUNE & DECEMBER | FOR JUNE - LAST WEEK OF MAY<br>FOR DEC- LAST WEEK OF NOV. |
| 24 | ARCHITECTURE (B.ARCH) | CONDUCTED ANNUALLY | MAY | 3RD WEEK OF MARCH |
| 25 | UCEED | CONDUCTED ANNUALLY | JANUARY | SEPTEMBER / NOVEMBER |
| 26 | ISI (INDIAN STATISTICAL INSTITUTE) | CONDUCTED ANNUALLY | FIRST/SECOND WEEK OF MAY | MARCH - APRIL |
| 27 | HOTEL MANAGEMENT (NCHM JEE) | CONDUCTED ANNUALLY | MID MAY | FEB TO MAY |
| 28 | MASS COMMUNICATION, JOURNALISM AND PHOTOGRAPHY | CONDUCTED ANNUALLY | DECEMBER TO MAY | DEPENDS UPON INSTITUTION |
| 29 | LICENSED CLINICAL PSYCHOLOGIST | CONDUCTED ANNUALLY | DEPENDS ON INSTITUTION | DEPENDS ON INSTITUTIONS |
| 30 | DATA SCIENCE/CODING/ARTIFICIAL INTELLIGENCE/CLOUD COMPUTING/ WEB DESIGNING ETC. | CONDUCTED ANNUALLY | JANUARY TO JUNE | DEPENDS ON INSTITUTION |
| 31 | PHYSICAL EDUCATION/SPORTS SCIENCE/SPORTS JOURNALISM (THROUGH CUET) | CONDUCTED ANNUALLY | DEPENDS ON INSTITUTION | DEPENDS ON INSTITUTION |
| 32 | NID | CONDUCTED ANNUALLY | JANUARY | 01ST WEEK OF DECEMBER |
| 33 | IBPS | CONDUCTED ANNUALLY | JANUARY | AUGUST |
| 34 | CAT | CONDUCTED ANNUALLY | NOVEMBER | AUGUST |

| SL. NO. | MODE OF REG/APPL. | REG/ APPL. FEE | LINK FOR REGISTRATION/ OFFICIAL WEBSITE | MODE OF EXAM |
|---|---|---|---|---|
| 18 | ONLINE | INR 1000 FOR GEN/OBC (NCL) & INR 700 FOR SC/ST | https://www. indianmerchantnavy.com | ONLINE (CBT) |
| 19 | ONLINE | INR 800 FOR GENERAL CATEGORY CANDIDATES AND INR 350 FOR SC/ST/PWD CANDIDATES | cuet.samarth.ac.in | ONLINE |
| | ONLINE | INR 12,000/- FOR GENERAL/ OBC/ EWS CANDIDATES NIL FOR SC/ ST CANDIDATES | https://igrua.gov.in/ | WRITTEN TEST-ONLINE VIVA/INTERVIEW, AND PILOT APTITUDE TEST-OFFLINE |
| 20 | ONLINE | INR 3000 ( GEN - OBC) INR 1500 ( SC- ST) | https://nift.ac.in | OFFLINE |
| 21 | ONLINE | INR 1000 FOR MALE CANDIDATES & INR 500 FOR FEMALE CANDIDATES | https://www.tifr.res.in | OFFLINE (PEN AND PAPER) |
| 22 | ONLINE | INR 1000 APPOX | https://cmi.ac.in/admission | OFFLINE ( SUBJECTIVE) |
| 23 | ONLINE | INR 3000/- | https://actuariesindia.org | ONLINE ( CBT) |
| 24 | ONLINE | INR 1750 (GEN), INR 1650 (NCL/ EWS) & INR 1550 (SC/ST/PWBD/3RD GENDER) | https://cuet.samarth.ac.in | ONLINE (CBT) |
| 25 | ONLINE | INR 3800 FOR OPEN & INR 1900 FOR FEMALE/RESERVED CATEGORY | https://www.uceed.iitb.ac.in | PART A - ONLINE (CBT), PART B - OFFLINE (PEN & PAPER) |
| 26 | ONLINE | INR 1500 FOR MALE, INR 1000 FOR FEMALE AND INR 750 FOR RESERVED CATEGORY | https://www.isical.ac.in/ admission | ONLINE (CBT) |
| 27 | ONLINE | INR 1000 (GEN UR)/OBC - (NCL), INR 750 (GEN-EWS) & INR 450 (SC/ST/ PWD) | https://nchmjee.nta.nic.in | ONLINE (CBT) |
| 28 | ONLINE AND OFFLINE | DEPENDS UPON INSTITUTION | OFFICIAL WEBSITE | ONLINE, OFFLINE AND INTERVIEW |
| 29 | ONLINE/ OFFLINE | DEPENDS ON INSTITUTION | | OFFICIAL WEBSITE |
| 30 | ONLINE | DEPENDS ON INSTITUTION | OFFICIAL WEBSITE | ONLINE (CBT) |
| 31 | ONLINE | DEPENDS ON INSTITUTION | OFFICIAL WEBSITE | CBT/PEN-PAPER/ INTERVIEW/PHYSICAL TEST |
| 32 | ONLINE | INR 3000 (GEN, EWS, OBC - NCL), INR 5000 (OVERSEAS PURSUANT), INR 1500 (SC, ST & PWD) | https://www.nid.edu | PAPER PEN/PENCIL TEST/ OFFLINE |
| 33 | ONLINE | INR 850 (GEN/OBC) RS 175 (ST/SC/ PWD) | https://www.ibps.in | ONLINE |
| 34 | ONLINE (CBT) | INR 2400 (GEN/OBC) INR 1200 (ST/ SC/PWD) | https://iimcat.ac.in | ONLINE (CBT) |

## पटना हाई कोर्ट ने टे– असिस्टेंट के 53 पदों पर वैकेंसी जारी की है

शैक्षणिक योग्यता– मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर साइंस, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक और कम्युनिकेशन विषय में आईटीआई या डिप्लोमा की डिग्री **आयु सीमा** : 18 से 37 रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में छूट आवेदन **शुल्क** : अनारक्षित वर्ग – ₹1100 , एससी/ एसटी को 550 रुपए देने होंगे। **वेबसाइट** : patnahighcourt.gov.in **चयन प्रक्रिया** : रिटन एग्जाम, ट्रेड टेस्ट, स्किल टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर चयन **लास्ट डेट** : 30 अप्रैल 2026

## नॉर्दर्न कोलफील्ड्स में 577 वैकेंसी

**शैक्षणिक योग्यताढः** ऑपरेटर ट्रेनिंग के लिए दसवीं/ एसएससी पास किया हो। हेवी मोटर व्हीकल (एचएमवी) लाइसेंस होना चाहिए। स्टाफ नर्स ट्रेनिंग के लिए 12वीं के साथ संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा या डिग्री ओवरसीज के लिए 10वीं पास करने के साथ 3 वर्षीय सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा की डिग्री। **आयु सीमा** : सामान्य ओबीसी ईडब्ल्यूएस 1100 रुपए जबकि एससी एसटी पीडब्ल्यू निशुल्क है। **चयन प्रक्रियाः** कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और मेडिकल एग्जाम के आधार पर **वेबसाइट** : www .nclcil.in **लास्ट डेटः** 1 मई 2026



## यूपी कृषि विभाग में 2759 पदों पर भर्ती

**शैक्षणिक योग्यता** : कृषि में ग्रेजुएशन डिग्री या उसके समकक्ष डिग्री ऐसे उम्मीदवार जो PET 2025 में शामिल हो चुके हैं और उन्हें आयोग द्वारा PET 2025 का स्कोर बोर्ड जारी कर दिया गया हो। लॉगिन के लिए PET 2025 रजिस्ट्रेशन नंबर की आवश्यकता होगी। **आयु सीमाः** 21 से 40 आरक्षित वर्ग को अधिकतम छूट **आवेदन शुल्कः** सभी उम्मीदवारों के लिए 25 रुपए **वेबसाइट** : www.upsssc.gov.in **चयन प्रक्रियाः** PET स्कोर के आधार पर शॉर्ट लिस्टिंग, रिटन एग्जाम और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर चयन किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया 22 मई से शुरू **लास्ट डेटः** 11 जून 2026 **करेक्शन डेटः** 18 जून

## बिहार तकनीकी सेवा में 1060 पदों पर वैकेंसी

बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने लैबोरेटरी असिस्टेंट के पदों पर भर्ती में एवं इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल सिविल सिविल इंजीनियरिंग– 166 –166, कंप्यूटर साइंस और आईटी–252, इलेक्ट्रॉनिक –146 साइंस बैकग्राउंड के लिए–164 इसके अलावा टेक्सटाइल केमिकल प्रिंटिंग सेरामिक्स और साइंस जैसे विषयों पर भी पद उपलब्ध है जिसमें विभिन्न पृष्ठभूमि के छात्रों को अवसर मिलेगा।

शैक्षणिक योग्यता– मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा या ग्रेजुएट की डिग्री

**आयु सीमा** : 18 से 37 साल, आरक्षित वर्ग को नियम अनुसार छूट **आवेदन शुल्क** : जनरल बीसी ईडब्ल्यूएस – ₹600, एससी/ एसटी, बिहार के स्थाई निवासी 150 रुपए ,सभी वर्ग की महिलाएं ₹150 राज्य से बाहर के उम्मीदवार ₹ 600। **लास्ट डेटः** 6 में 2026 **चयन प्रक्रियाः** कंप्यूटर बेस्ड एक्जाम और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर चयन **वेबसाइटः** www.btsc.bihar.gov.in

## इंडियन बैंक में स्पेशलिस्ट ऑफिसर के 350 पदों पर भर्ती

**शैक्षणिक योग्यताः** आईटी के लिए बीई, बीटेक, एमसीए या NIELIT 'B' लेबल फाइनेंस क्रेडिट एमबीए, सीए, आईसीडब्ल्यूए या सीए के लिए ICAI की मेंबरशिप जरूरी है। सिक्योरिटी के लिए ग्रेजुएट. सेना/पुलिस/अर्ध सैनिक बल में कम से कम 5 साल का अनुभव साथ ही सिविल इंजीनियर बोर्ड सिविल में 60 प्रतिशत अंक और आर्किटेक्ट बी के लिए आर्क + coA का रजिस्ट्रेशन करें। **आयु सीमा** : मैनेजर के लिए 23–33 और मैनेजर में न्यूनतम 23 से 25 वर्ष से अधिकतम 33 से 35 पद अनुसार सीनियर मैनेजरः न्यूनतम 25 से 27 अधिकतम 35 से 37 साल पद के अनुसार होना चाहिए। आरक्षित वर्ग को नियम अनुसार छूट मिलेगी। **आवेदन शुल्कः** एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी –175 रुपया। जनरल ओबीसी, ईडब्लूएस ₹1000 । **वेबसाइट** : www.indianbank .in.ij **चयन** : रिटर्न ,पर्सनल इंटरव्यू **लास्ट डेटः** 28 अप्रैल 2026

## डीआरडीओ में जूनियर रिसर्च फेलो एंव इंजीनियर की भर्ती

**शैक्षणिक योग्यताः** मान्यता प्राप्त संस्थान या विवि से संबंधित विषय में फर्स्ट डिवीजन के साथ बीटेक या एमई/एमटेक की डिग्री वैलिड गेट स्कोर 2024, 2025 या 2026 एमई/एमटेक के उम्मीदवार के स्कोर के बिना भी आवेदन कर सकते हैं। **आयु सीमा** : अधिकतम 28 वर्ष इसकी गणना इंटरव्यू की तारीख के आधार पर की जाएगी। एससी एसटी को 3 वर्ष और ओबीसी को 5 साल की छूट मिलेगी। **आवेदन शुल्क** : निशुल्क **वेबसाइट** : www.drdo.gov.in **चयन प्रक्रियाः** रिटेन एग्जाम, इंटरव्यू डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन **लास्ट डेटः** 30 अप्रैल 2026

## UPSSSC लोअर PCS का नोटिफिकेशन कुलपद–2285

शैक्षणिक योग्यता – ग्रेजुएशन, यूपीपीईटी 2025 प्रीलिम्स एक्जाम पास करना जरूरी।

**आयु सीमा** : 18 से 40 अधिकतम में यूपी सरकार के नियमों के अनुसार छूट।

**आवेदन शुल्क** : सभी के लिए ₹25

**चयन प्रक्रियाः** प्रिलिम्स मैंस एक्जाम डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन इंटरव्यू और फाइनल मेरिट लिस्ट के आधार पर **आवेदन प्रक्रिया** : मई से 18 जून 2026 तक **वेबसाइटः** www.upsssc.gov.in

# झलकियां शेष




## एमिटी में 'ज्यूरिस–फिएस्टा 2.0'

एमिटी लॉ स्कूल की ओर से दो दिवसीय शैक्षणिक व सांस्कृतिक उत्सव श्ज्यूरिसफिएस्टा 2.0श का आयोजन किया गया।कुलपति डॉ. अशोक के श्रीवास्तव की शुभकामनाओं के साथ उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक त्रिपाठी और रजिस्टर प्रभाकर त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। क्यूरिया ज्यूरिस मूट कोर्ट प्रतियोगिता के लिए छात्रों ने कानूनी समझ दिखाई, तो वहीं सांस्कृतिक सत्र में एकल व सामूहिक नृत्य संगीत के प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। सामाजिक वैधानिक प्रदर्शनी और स्क्रिप्ट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## इक्फाई विवि का अर्थ प्राप्ति फिंनटेक के साथ एमओयू

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने नवाचार के साथ इनक्यूबेशन और अनुसंधान के क्षेत्र में अकादमिक उद्योग सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु अर्थ प्राप्ति फिंनटेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग अभियान षबियॉन्ड यू:भारत की पारिवारिक वित्तीय तैयारी अनुसंधान पहलष पर केंद्रित होगा। जिसके अंतर्गत झारखंड में एक प्राथमिक शोध अध्ययन किया जाएगा। जिसका आधार भारत की पारिवारिक वित्तीय तैयारी रिपोर्ट 2026 प्रकाशित की जाएगी। अर्थ प्राप्ति फिंनटेक सॉल्यूशन का नेतृत्व धवल अरुण रुपाणी (सह संस्थापक एवं आविष्कारक) और चंचल कुमारी (भाषा संस्थापक एवं अधिकृत हस्ताक्षरी) द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कुलपति करनाल डॉ. रणजीत सिंह के मार्गदर्शन, कुल सचिव प्रो. डॉ. जे बी पटनायक के नेतृत्व में तथा आईसीएसएफएआई इनक्यूबेटर टीम और संकाय सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया है। विवि प्रो.सुमित कुमार सिंह (अध्यक्ष आईईसी) डॉ.प्रीति चतुर्वेदी (डोमेन विशेषज्ञ) डॉ. पल्लवी कुमारी (उपाध्यक्ष आईईसी) डॉ. एम राजकुमार (राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा समन्वयक) इंद्रनील बराट (संयोजक आईईसी) तथा सभी आईईसी के सदस्यों के प्रति इस पहल के सफल आयोजन में उनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किए है।

## कैपिटल हिल मे एडमिशन फेयर

कैपिटलहिल, रांची में दो दिवसीय एडमिशन फेयर का आयोजन किया गया। इस फेयर का 21वां वर्ष है। जहां देश–विदेश के 35 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि एक ही छत के नीचे मौजूद है। सीईओ विवेक शुक्ला के अनुसार अब तक 15 देश में से ऐसे 600 से अधिक सफल आयोजन हो चुके हैं।

## एजुकेशन फेयर 2026

एजुकेशन फेयर 2026 का आयोजन रेडिएशन ब्लू होटल में प्राइम ग्रुप द्वारा किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक सीपीसी रहे। उन्होंने उद्घाटन के दौरान कहा कि यह मेल विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा क्योंकि यहां उच्च शिक्षा करियर विकल्प और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की जानकारी एक ही जगह मिल जाती है।

## आईएचएम में एलमुनाई मीट 2026

होटल मैनेजमेंट संस्थान आईएचएम में आयोजित एलमुनाई मीट 2026 पुरानी यादो और नई प्रेरणा के नाम रही। देश–विदेश के विभिन्न कोनों में अपनी पहचान बन चुके पूर्व छात्रों का स्वागत जूनियर छात्रों ने बॉलीवुड डांस और संगीत से समा बांधकर किया। प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने पूर्व छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि एलमुनाई किसी भी संस्थान की असली पहचान और गौरव होते हैं। डॉ .अमृत भारद्वाज ने एलमुनाई को संस्थान की ताकत बताया। मोहित सिंह ने आभार व्यक्त किए।

## 9 से वासुका अकादमी बैच शुरू

वासुक अकादमी के निर्देशक प्रदीप कुमार राणा ने कहा की 9 से गुरुकुल सिस्टम की तर्ज पर प्रथम बैच प्रारंभ होगा। दिन के 10:00 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक गहण अध्ययन कार्यक्रम छात्रों को भटकाव से दूर रखने के लिएऔर पूरी तरह उनके लक्ष्य के प्रति समर्पित करता रहेगा। शिक्षकों की टीम के मार्गदर्शन में जीईई मेन 2026 के प्रथम सत्र में 13 से अधिक विद्यार्थियों ने 9699 परसेंटाइल अंक लाया है। इसके लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं।

## आईएसएम के नए शैक्षणिक भवन का उद्घाटन

इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट आईएसएम, पुंदाग के संस्थान के नए शैक्षणिक भवन का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आर के वर्मा निर्देशक सहसचिव डॉ. गंगा प्रसाद सिंह, गीता सिंह, प्रभात कुमार, राजीव कुमार सिंह, अमित कुमार, विष्णुपुरी, अमरेंद्र पटना हाई कोर्ट के एडवोकेट संजय सिंह, प्रिंसिपल डॉ. ज्योति गवर्निंग काउंसिल के सदस्य और सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



## संतोष कॉलेज मे एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेंनिंग एंड एजुकेशन के आईक्यूएसी सेल की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय श्इंटरप्रोन्यूरियल पाथवेज पर ट्राइब्स ऑफ इंडिया:– डिजिटल हेल्थकेयर एंड क्लाइमेट्स रेजिलियंसश था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, रांची विवि के कुलपति प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर तीन तकनीकी सत्र समेत उद्घाटन एवं सम्मान सत्र हुए।

## ट्रिपल आईटी में 'सेलेसिटयो 3.0'

ट्रिपल आईटी रांची में तीन दिवसीय वार्षिक टेक्नो कल्चरल फेस्ट से सेलेसिटयो 3.0 की तकनीकी कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन डॉ. शशिकांत शर्मा ने किया। इस ऋषिकेश पांडे ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें नवाचार तकनीकी कौशल और रचनात्मक कार्यों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत शर्मा ,डॉ. रोशन सिंह, डॉ. के के मिश्रा , डॉ.संतोष कुमार महतो , गौरव सुंदरम और रिकी ऋषिकेश पांडे सहित शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।







## सीआईटी में जेनेसिस 2026 का आयोजन

कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ,रांची की स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव 'जेनेसिस 2026' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जमकर उत्साह दिखाते हुए आकर्षक प्रस्तुतियां पेश की संगीत की धुन पर झूमते नजर आए। तीन दिवसीय महोत्सव में डांसिंग, सिंगिंग, फेस पेंटिंग ,विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा बाहरी कलाकारों के डीजे और पॉप बैंड परिस्थितियों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जेयूटी विश्वविद्यालय के दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जेयूटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीके ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में शिक्षा के गुणवत्ता का महत्व काफी बढ़ गया है। कुलपति ने कैंब्रिज ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ बहादुर सिंह को याद करते हुए उन्हें दूरदर्शी बताया।

इस अवसर पर कैंब्रिज ट्रस्ट के संयुक्त सचिव डॉ.पल्लवी सिंह, प्राचार्य डॉ. रंगनाथन उप प्राचार्य प्रोफेसर रसिक, नवनीत सिंह सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**BENEFITS OF SOLAR SYSTEM**

Solar energy is clean & green energy | Not dependent on other sources of Energy
Non-maintenance | Safer than Other | Renewable Energy | Electricity Bill Reduction
Maximum Usage | Technology Development



**MAHADEV ENTERPRISES**

Address: Chitragupt Colony, Indrapuri, Road No. 01
Ratu Road, Ranchi - 834005

# THE NEWS




## बिहार में ई– शिक्षा कोष पोर्टल पर मिलेगी छुट्टी

बिहार में अब सरकारी स्कूलों को छुट्टी लेने के लिए ई शिक्षा कोष पोर्टल पर आवेदन देना होगा। मैन्युअल छुट्टी लेने पर रोक लगा दी गई है। पोर्टल पर छुट्टी का कारण दिन और अन्य जानकारियां भी देनी होगी ।छुट्टी के लिए मैन्युअल आवेदन देने वाले शिक्षकों की छुट्टी मान्य नहीं होगी ।इसके तहत इमरजेंसी लीव से लेकर अन्य अवकाश तक दिया जाएगा। इसकी स्वीकृति भी ई– शिक्षा पोर्टल पर डिजिटल ही होगी। इस दौरान डीईओ प्रधानाध्यापक, शिक्षक के साथ मुख्यालय स्तर पर अधिकारी भी उसे देख सकेंगे। प्रधान शिक्षक और प्रभारी प्रधानाध्यापक की छुट्टियों की मंजूरी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी करेंगे। सहायक और विशेष शिक्षक की छुट्टी की मंजूरी प्रधान शिक्षक देंगे। पुरुष शिक्षकों को भी मातृत्व अवकाश के लिए 15 दिनों की छुट्टी मिल सकती है। स्वास्थ्य कारणो से शिक्षक 180 दिन वेतन सहित छुट्टी ले सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी की मंजूरी के बाद 300 दिनों तक छुट्टी मिल सकती है।

## गरीब बच्चों को फ्री में नीट की तैयारी कराएगा रिम्स

झारखंड रिम्स वैसे गरीब छात्र– छात्राओं की मदद करेगा जो डॉक्टर बनना चाहते हैं। इसके लिए रिम्स नीट कोचिंग की शुरुआत करने जा रहा है। यह योजना राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले उन छात्रों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। जो प्रतिभाशाली हैं लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह नीट की कोचिंग लेने में सक्षम नहीं हो पाते है। पहले बैच में अधिकतम 30 छात्रों को शामिल किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी ।इसके लिए छात्रों को झारखंड का निवासी होना और सरकारी स्कूल का छात्र होना भी अनिवार्य था पहले फिर इसमें कुछ सुधार करते हुए अब किसी भी विद्यालय के आर्थिक रूप से पिछड़े हुए छात्र इसमें आवेदन कर सकते हैं।यह कोचिंग रिम्स परिसर में ही चलेगी। यहां छात्रों को फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी की पढ़ाई कराई जाएगी साथ परीक्षा पैटर्न, समय प्रबंधन, प्रश्न हल करने की रणनीति की जानकारी दी जाएगी। रिम्स का मानना है कि चुकी मेडिकल छात्र इस पड़ाव को पार कर चुके इसलिए छात्रों को बेहतर तरीके से गाइडलाइन देकर तैयार कर पाएंगे।

# THE SPORTS

## YBN University won the inter-university Cricket match by 10 wickets



YBN University defeated Sarla Birla University by 10 Wickets in Inter-University Cricket Clash at CIT, Ranchi.In a thrilling encounter organized by CIT, Ranchi, YBN University showcased sheer dominance, defeating Sarla Birla University by a massive 10-wicket margin. The victory was powered by explosive batting performances from Karan (48 off 16 balls) and Satyam (50 off 16 balls), who chased down the target with ease. On the bowling front, Captain Ravi Yadav led from the front with 2 wickets, supported by Nitesh's 2 wickets, dismantling the opposition's batting lineup. The team, coached by Mr. Sumit Kachhap, Sports-In-Charge of YBN University, showcased exceptional talent and teamwork, making the first memorable triumph in the prestigious inter-university tournament.

*Inviting Brilliant Students to be part of YBN University Family*

# YBN UNIVERSITY
## RANCHI, JHARKHAND

Established by the Act of Government of Jharkhand Act 15, 2017
Gazette Notification No. 505, Dated 17th July 2017
As per Section 2(f) of UGC Act. 1956





**YBN University** is *spread across a modern 100 Acre urban campus, it boasts extensive infrastructure with Hi-Tech Labs, Hostels and a strong emphasis on research, placements and co-curricular development.*





**UG/PG DEGREE IN:**

- Agricultural Science
- Legal Studies
- Commerce and Management
- Science
- Arts & Humanities
- Music & Performing Arts
- Mass Communicaiton & Filmmaking
- Engineering Courses
- Medical Allied UG & PG Courses
- Medical Courses







**YBN University** Rajaulatu, Power Grid Road Rajaulatu, Namkum, Ranchi, Jharkhand - 834010

✆ 970 95 00400, 7061261557

Email: ybnuniversity2017@gmail.com, helpdesk@ybnu.ac.in | https://www.ybnu.ac.in

# ग्लूकोमा

## ( ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना )



**राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, जिला अस्पताल तथा विजन सेन्टर में आँखों की बीमारी "ग्लूकोमा" की मुफ्त जाँच की व्यवस्था**

सामान्य दृष्टि वालों को फूल का स्पष्ट दिखना



काला मोतिया से पीड़ित व्यक्ति को फूल एवं उसके चारों ओर काला एवं अस्पष्ट दिखना

यह सामान्यतः 40 वर्ष से अधिक के लोगों, विशेषकर ऐसे लोगों को होता है जिनके परिवार में काला मोतिया का इतिहास रहा हो।

### संकेत व लक्षण

- आँखों से बल्ब के चारों ओर रंगीन गोले नजर आना
- आँखों में दर्द महसूस होना
- रोशनी का कम लगना
- चश्मे का नंबर जल्दी–जल्दी बदलना
- असामान्य सिरदर्द और आँखों में दर्द

**उपरोक्त किसी भी के प्रकट होने पर अपनी आँखों के दबाव की जाँच करवाएं**

### ग्लूकोमा के संभावित खतरों को बढ़ाने वाले तत्व

- यदि आपका कोई संबंधी ग्लूकोमा से पीड़ित हो
- एलर्जी, अस्थमा, चर्म रोग इत्यादि हेतु स्टीरॉयड का प्रयोग
- हाईपरटेंशन (ब्लड प्रेशर)
- डायबिटिज (शुगर)

उपरोक्त लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य सलाह के लिए

**टॉल फ्री नंबर पर डायल करें**

24 घंटे प्रतिदिन सेवा उपलब्ध। फोन पर चिकित्सक से चिकित्सीय सलाह, मनोवैज्ञानिक परामर्श, सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी।

104 चिकित्सा सलाह — 24x7 Health Information Helpline

सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पतालों से संबंधित शिकायत को 104 पर दर्ज करा सकते हैं।

**काला मोतिया के समुचित एवं नियमित इलाज से आगे होनेवाली दृष्टिविहीनता को रोका जा सकता है।**

**अधिक जानकारी हेतु नजदीकी सदर अस्पताल के नेत्र विभाग/विजन सेंटर से संपर्क करें।**


स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

NHM_JHARKHAND nhmjharkhand www.jrhms.jharkhand.gov.in